विक्रमशिला एक्सप्रेस में रसोई यान और वातानुकूलित डिब्बे

817. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विक्रमशिला एक्सप्रेस में रसोई यान और वातानुकूलित डिब्बे न लगाने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या बिहार के निवासियों और संसद सदस्यों ने विक्रमशिला एक्सप्रेस में रसोई यान और वातानुकूलित डिब्बे लगाने के बारे में अभ्यावेदन दिया है ;

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गयी है अथवा किये जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) क्या सरकार विक्रमशिला एक्सप्रेस में भीड़भाड़ को देखते हुए चार और सवारी डिब्बे लगाने का विचार रखती है ?

रेल मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क) से (ग) इस समय रसोई यान मगध, विक्रमशिला गाड़ियों में पटना तथा दिल्ली के बीच में चल रहा है। पटना तथा भागलपुर के बीच रसोई यान सेवाओं की व्यवस्था के लिए एक अतिरिक्त रसोई यान तथा कर्मचारियों के एक अतिरिक्त सेट और अन्य ब्लाक स्टाक मदों जैसे चीनी के बर्तन, छुरी-कांटे आदि की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए अत्यधिक अतिरिक्त खर्च करना होगा। रसोई यानों की सामान्य कमी है और इसके अतिरिक्त विक्रमशिला अप तथा डाउन दोनों दिशाओं से पटना में भोजन के सुविधाजनक समय पर पहुंचती/छूटती है और पटना में विभागीय खान-पान यूनिटों से अपना भोजन लेने के लिए यात्रियों को पर्याप्त समय मिल जाता है।

मौजूदा वातानुकूल शयनयान को भागलपुर तक चलाने का अर्थ होगा पटना स्थान में कटौती करना और यह भी कि वातानकूल डिब्बे को भागलपुर तथा पटना के बीच आधा खाली चलाना जो अलाभप्रद होगा। वातानुकूल डिब्बों की देखभाल करने के लिए भागलपुर में सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

इन परिस्थितियों में, पटना तथा भागलपुर के बीच मगध/विक्रमशिला एक्सप्रेस में रसोई यान तथा वातानुकूल शयनयान की व्यवस्था करना संभव नहीं है।

(घ) सवारी डिब्बों की बेहद कमी के अलावा, अतिरिक्त सवारी डिब्बे पटना के सवारी डिब्बों की कीमत पर ही लगाये जा सकते हैं क्योंकि मगध एक्सप्रेस पूरे डिब्बों के साथ चल रही है और उसमें अतिरिक्त डिब्बे लगाने के लिए पटना के सवारी डिब्बों की संख्या में उतनी ही कटौती करनी होगी।

आर० डी० एस० ओ० कर्मचारी संघ, लखनऊ की मांगे

818. **श्री अश्विनी कुमार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गत 27 जून को एक सांसद द्वारा भेजा गया आर० डी० एस० ओ० कर्मचारी संघ, लखनऊ का एक मांग-पत्र प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो इन मांगों का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक मांग के बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क) जी, हां।

(ख) अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन कर्मचारी एसोसिएशन द्वारा उठायी गयी मांगों और उन पर की गयी कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। [**देखिये परिशिष्ट CXXXV अनुबंध संख्या 20**]। अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन कर्मचारी एसोसिएशन, प्रशासन द्वारा मान्यताप्राप्त संगठन